दिनांक 07.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

भिलाईनगर/ महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा निर्देश के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत नगर पालिक निगम , भिलाई के मुख्य कार्यालय प्रांगण में आयोजित स्वरोजगार कार्यक्रम (लोन मेला) में 23 हितग्राहियों के ऋण वितरित किये गये तथा 305 नये आवेदन प्रदान किये गये। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने शिविर स्थल का अवलोकन किया और उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा कर ऋण संबंधी आ रही दिक्कतों को दुर करने के लिए बैंको के मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिये। दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत लंबित लोन निपटान शिविर सह लोन मेला का दो दिवसीय आयोजन निगम कार्यालय में शिविर लगाकर किया जा रहा है।

शिविर के प्रथम दिवस 13 बैंको की उपस्थिति में व्यक्तिगत् ऋण के 12 हितग्राहियों को ऋण वितरण किया गया एवं 12 व्यक्तिगत् ऋण के प्रकरण स्वीकृत किये गये 26 प्रकरण प्रक्रियाधीन वहीं आवश्यक दस्तावेज के अभाव में 17 व्यक्तिगत् ऋण के प्रकरण निरस्त किये गये। बैंक लिंकेज के तहत् 10 वितरित किये गये 10 स्वीकृत एवं निरस्त किये गये सामुहिक उद्योग स्थापना के लिए समुह ऋण के एक प्रकरण स्वीकृत किये गये। शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियों ने विभिन्न ट्रेड की जानकारी लेकर 305 लोगों ने नये आवेदन लिये जिसमें से नये ऋण प्राप्त करने के लिए 11 फाॅर्म ऋण हेतु काउंटर में जमा किये गये।

शिविर स्थल पर ही देना बैंक आरसीटी द्वारा ऋण प्राप्त करने के पश्चात् किस तरह व्यापार को स्थापित करें तथा उन्नति की दिशा में कैसे आगे बढ़े की उद्यमिता एवं कौशल विकास की जानकारी भी प्रदान की गई। आयुक्त श्री सुंदरानी ने शिविर स्थल पर लगाये गये सभी काउंटर का निरीक्षण कर हितग्राहियों को मिलने वाले ऋण एवं बैंको द्वारा ऋण स्वीकृत करने में की जा रही विलंब की जानकारी प्राप्त की। उन्होने शिविर स्थल पर उपस्थित हितग्राहियो से चर्चा करते हुए कहा कि यह शिविर नये उद्यमियों के लिए ऋण प्रदान कर उन्हे रोजगार का अवसर प्रदान करेगा।

आयुक्त ने हितग्राहियों द्वारा बताये जा रहे कठिनाई के संबंध में बैंक मैनेजर से व्यक्तिशः चर्चा कर लोगों को हो रही परेशानी को दुर करने के हिदायत दिये। शिविर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़े मैनेजर , सामुदायिक संगठिका, महिला स्व-सहायता समुह के सदस्य ,

एवं भिलाई क्षेत्र के 13 बैंको के मैनेजर एवं अधिकारी , कर्मचारी सहित भारी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।